प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. कोलकाता की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट में चल रही है सुनवाई, कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा।
2. राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी का दावा– कांग्रेस, झामुमो और राजद के सभी विधायक हैं एकजुट, वहीं भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा–इंडिया गठबंधन की सरकार से समाज के सभी वर्ग के लोग हैं निराश।
3. भारतीय नौसेना कर रही है चांडिल डैम में डूबे विमान की तलाश, खोजबीन में डैम से मिला विमान के ट्रेनी पायलट का शव।
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में वैज्ञानिकों को प्रदान किया राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार, झारखंड के दो वैज्ञानिकों डॉ अभिलाष और डॉ पूर्वी साइकिया को कल मिलेगा पुरस्कार

****

कोलकाता की महिला डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सीबीआई ने केस की स्टेट्स रिपोर्ट अदालत को सौंप दी है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यदि डॉक्टर काम पर वापस नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक प्रशासनिक ढांचा कैसे चलेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करेगा। यदि डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो वे सीधे सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं।

****

केंद्र सरकार ने देश में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना में मृतका की पहचान से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

****

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने दावा किया कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के सभी विधायक एकजुट हैं। डॉ अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोल्हान प्रमंडल को सम्मान देते हुए चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया था। वे चाहते तो बसंत सोरेन या कल्पना सोरेन को भी मुख्यमंत्री बना सकते थे। श्री अंसारी ने कहा कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन के बीच पुल बनने का काम करेंगे।

इधर, चतरा के भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ने समाज के सभी वर्गों को निराश किया है। ऐसी सरकार को त्यागपत्र दे देना चाहिए।

****

विशाखापट्नम से आई भारतीय नौसेना की टीम ने चांडिल डैम में डूबे विमान की खोजबीन शुरू कर दी है। अब तक की जांच में विमान का पता नहीं चल पाया है। वहीं आज डैम से एक शव मिला है, जिसकी पहचान जहाज के ट्रेनी पायलट के रूप में हुई है। प्रशासन की मदद से पायलट के शव को डैम से बाहर निकाला गया है। दो दिन पहले मंगलवार को जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद यह विमान लापता हो गया था।

****

गढ़वा जिले में पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना बनाई गयी है।

****

आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) की टीम ने आज राज्य की 14 जगहों पर छापेमारी कर अलकायदा से जुड़े एक आतंकी संगठन के सात आतंकवादियों को पकड़ा है। एटीएस की टीम ने रांची, लोहरदगा और हजारीबाग जिलों में छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया। लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी के पास से हथियार भी बरामद हुआ है। एटीएस की टीम गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ कर रही है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार चार श्रेणियों में बांटकर दिए जा रहे हैं। झारखंड के डॉ अभिलाष और डॉ पूरबी साइकिया को कल यह पुरस्कार दिया जाएगा। डॉ अभिलाष जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर–एनएमएल के वैज्ञानिक हैं और डॉ. पूरबी साइकिया सेंट्रल यूनिवर्सिटी आफ झारखंड में कार्यरत हैं।

****

रांची स्थित सदर अस्पताल ने पिछले आठ महीने में पांच सौ से अधिक कैंसर मरीजों की मुफ्त डायलीसिस करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आयुष्मान भारत योजना के कार्यक्रम समन्वयक सौरभ ने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड होने पर मरीजों को दवा भी मुफ्त दी जाती है।

****

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस–2024 कल देशभर में मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इस दिन चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। नई दिल्ली् में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि परावर्तन, आत्मनिरीक्षण और भविष्यए के रेखांकन का भी दिन है।

****

इस वर्ष गोड्डा जिले में कम बारिश होने से खरीफ की फसल को नुकसान पहुंचा है। जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि किसान फसल के नुकसान होने की स्थिति फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए किसानों को 30 अगस्त तक योजना का फॉर्म भरकर नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में ऑनलाइन जमा करना है। आवेदक को एक रुपए की राशि जमा करानी होगी।

****